**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सभी सड़कों को निर्धारित समय सीमा में गड्ढा मुक्त करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- राज्य में "स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार अभियान" के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अब तक 10 लाख 41 हजार से ज्यादा लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचे की गईं।
- चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने खूनाबोरा गांव में जिओलाइन सिंचाई टैंक और स्प्रिंकलर प्रणाली का निरीक्षण किया।
- शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में देवी दुर्गा की पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया।

**मुख्यमंत्री बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में निर्माण और नव निर्माण कार्यों में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अब मानसून अवधि पूरी हो चुकी है, इसलिए सभी विभाग धरातल पर कार्यों में तेजी लाएं। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी सड़कों को निर्धारित समय सीमा में गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से बार–बार सड़क संबंधी शिकायतें मिल रही हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए और कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने गड्ढा मुक्त सड़क अभियान की कार्य प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने और 31 अक्टूबर तक पैच वर्क का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

**स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे "स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार अभियान" ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। अभियान के तहत 17 सितम्बर से अब तक प्रदेश में 17 हजार 800 से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में अब तक 10 लाख 41 हजार से ज्यादा लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचे की गईं। इनमें लोगों की विभिन्न सामान्य स्वास्थ्य जांचों के अलावा महिलाओं की ओरल, सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर की जांच की गई। इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को विशेष लाभ मिला है। अभियान के तहत लोगों की टीबी स्क्रीनिंग भी कराई गई। यह पहल राज्य को संक्रामक रोगों पर नियंत्रण की दिशा में सशक्त बना रही है। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल, न केवल बीमारियों की समय रहते पहचान करने में मददगार साबित हो रही है, बल्कि यह प्रदेश को एक "स्वस्थ उत्तराखंड" की दिशा में आगे ले जा रही है।

**दीक्षांत समारोह**

उत्तराखण्ड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्द्वानी में आज वन विभाग और वन निगम के 80 स्केलरों का पहला दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। इस बार अकादमी की ओर से पहली बार स्केलरों को प्रशिक्षण दिया गया। तीन महीने के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें खड़े वृक्षों की नीलामी सहित वनों से जुड़े कई अन्य कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊं, तेजस्विनी पाटिल ने परेड की सलामी ली और प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि स्केलरों को पढ़ाई के साथ ही विभिन्न स्थानों का शैक्षिक भ्रमण भी कराया गया। स्केलर विवेक चमोला ने कहा कि यहां से प्रशिक्षण लेकर, वे भविष्य में अच्छा कार्य करेंगे।

**हिन्दी पखवाड़ा सम्पन्न**

अल्मोड़ा जिले में गोविंद बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी कटारमल, द्वारा 14 से 30 सितम्बर तक आयोजित हिन्दी पखवाड़े का आज स्वरचित हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता के साथ समापन हुआ। पखवाड़े के दौरान राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने और अपने दैनिक कामकाज मे हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रश्नोत्तरी, निबन्ध, हिन्दी वाद–विवाद और हिन्दी मानक वर्तनी सहित अन्य प्रतियोगिताओ

का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों और शोधार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और राजभाषा हिन्दी के प्रति अपनी जागरूकता दिखाई। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक व राजभाषा समिति के उपाध्यक्ष ई. महेन्द्र सिंह लोधी ने विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**परियोजना निरीक्षण**

चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लोहाघाट विकासखंड के खूनाबोरा गांव में स्थापित जिओलाइन सिंचाई टैंक और स्प्रिंकलर प्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने टैंक की संरचना, जल संचयन प्रणाली, स्प्रिंकलर कनेक्शन और ड्रिप व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को इन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से बातचीत भी की। गौरतलब है कि 20 हजार लीटर क्षमता वाला यह जिओलाइन टैंक, विशेषकर उन किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिनके खेतों में जल संचयन या सिंचाई की सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होतीं। इस टैंक से किसान अपनी फसलों को सिंचाई उपलब्ध करा सकते हैं, जिससे उपज की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में वृद्धि होती है। साथ ही इस प्रणाली को किसानों की आवश्यकता अनुसार ड्रिप या स्प्रिंकलर तकनीक से भी जोड़ा जा सकता है, जिससे पानी का अधिकतम उपयोग हो सके और सिंचाई की दक्षता बढ़े।

**अश्टमी**

नवरात्रि के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की गई। प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों और शक्तिपीठों में देवी की पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। आज लोगों ने अपने घरों में कन्याओं का पूजन कर उन्हें दक्षिणा व उपहार देने के साथ ही भोजन करवाया और उनका आशीर्वाद लेकर सुख–समृद्धि की कामना की। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन में सपरिवार विधि–विधान के साथ देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि कन्याओं का पूजन हमें यह स्मरण कराता है कि नारी शक्ति का सम्मान और आदर हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्गाअष्टमी और नवमी की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गा अष्टमी व नवमी शक्ति की उपासना का पर्व है, जो मातृ शक्ति के रूप में इस जगत में व्याप्त है। उन्होंने कहा यह पर्व महिला सशक्तिकरण के प्रति भी हमारा ध्यान आकर्षित करता है।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर को शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं।

**एबीवीपी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के देहरादून जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विजयी प्रत्याशियों ने "मुख्यमंत्री आवास" में भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि युवा ही देश और राज्य की प्रगति की असली शक्ति हैं, और उनकी सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। विजयी प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री को अपनी आगामी योजनाओं और छात्र समाज के हित में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार, युवाओं के विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।